www.prepp.in

# UGC NET PAPER 2 DECEMBER 28, 2008 SHIFT 1 GEOGRAPHY QUESTION PAPER

**J—8008**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

www.prepp.in

# GEOGRAPHY

## PAPER—II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) objective-type questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** V-shaped valley is formed during the :

(A) Mature stage of glacial erosion

(B) Old age of fluvial cycle of erosion

(C) Youthful stage of fluvial cycle of erosion

(D) Old age of arid cycle

**2.** The term 'Pangea' was coined by :

(A) Alfred Wegener

(B) A. N. Strahler

(C) Sharp

(D) W. M. Smith

**3.** The ocean current Benguela is noticed in :

(A) Pacific Ocean

(B) Indian Ocean

(C) Atlantic Ocean

(D) Arctic Ocean

**4.** The concept 'landscape is a function of structure, process and stage' was evolved by :

(A) Griffith Taylor

(B) Davis

(C) Penck

(D) Thornbury

**5.** Acid rain is caused by :

(A) Excess Carbondioxide in the atmosphere

(B) Washout of Sulfuric acid by precipitation

(C) Excess in greenhouse gases emission from tropical forests

(D) Abnormal variations in composition of gases in the atmosphere

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** V-आकार की घाटी निम्न में निर्मित हुई है :

(A) हिमनदीय अपरदन की प्रौढ़ावस्था में

(B) नदीय अपरदन चक्र की जीर्णावस्था में

(C) नदीय अपरदन चक्र की तरुणावस्था में

(D) शुष्क चक्र की जीर्णावस्था में

**2.** 'पैंजिआ' का प्रयोग किसके द्वारा किया गया था ?

(A) अलफर्ड वेगनर (B) ए.एन. स्ट्रालर

(C) शार्प (D) डब्ल्यु.एम. स्मिथ

**3.** बेनगुएला धारा किस महासागर में प्रवाहित होती है ?

(A) प्रशान्त महासागर (B) हिन्द महासागर

(C) अटलांटिक (अंध) महासागर (D) आर्कटिक महासागर

**4.** 'दृश्यभूमि संरचना, प्रक्रिया और अवस्था का प्रकार्य (फलन) है' यह अवधारणा किसके द्वारा प्रस्तुत की गई ?

(A) ग्रिफिथ टेलर (B) डेविस

(C) पेंक (D) थॉर्नबरी

**5.** अम्ल वर्षा किस कारण से होती है ?

(A) वायुमंडल में कार्बन-डाइ-आक्साइड की अधिकता

(B) वर्षण द्वारा सल्फरिक एसिड का प्रक्षाल प्रवाह

(C) उष्णकटिबंधीय वनों से ग्रीन हाउस (हरित गृह) गैसों के उत्सर्जन में अधिकता

(D) वायुमंडल में गैसों के संयोजन में असाधारण विभिन्नता

6. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**, select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** The river valleys are usually narrow shaped in the youthful stage.

**Reason (R) :** Pothole drilling is a dominant erosional process responsible for down cutting of river valleys.

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

7. Which of the following types of clouds occupy the lowest layer :

(A) Stratus (B) Cumulus

(C) Cumulonimbus (D) Cirrus

8. Pollution plume is the result of :

(A) A regional wind caused by a pressure gradient

(B) Unequal distribution of temperature

(C) Abnormalities caused by latent heat of condensation

(D) Interaction among different types of air masses

9. Polar frontal theory is associated with :

(A) Origin of trade wind tract

(B) Origin of tropical cyclones

(C) Origin of Tornadoes

(D) Origin of Jet Stream

10. Atoll is one of the stages of :

(A) A natural reservoir

(B) A pressure system

(C) A coral development

(D) Development of the carbon sink in the ocean

6. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है। नीचे दिये संकेतों से सही उत्तर का चयन कीजिये।

**अभिकथन (A) :** नदी घाटियां अपनी तरुण अवस्था में सामान्यतया संकीर्ण आकार की होती है।

**कारण (R) :** जलगर्तिका वेधन नदी घाटियों के नीचे की ओर कटाव के लिये उत्तरदायी प्रमुख अपरदनीय प्रक्रिया है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, परन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, परन्तु **(R)** सत्य है।

7. निम्नलिखित में से किस प्रकार के बादल सबसे निचली परत में होते हैं?

(A) स्तरी (B) कपासी

(C) कपासी वर्षा (D) पक्षाभ

8. प्रदूषण शिखा परिणाम है :

(A) दबाव प्रवणता द्वारा उत्पन्न एक प्रादेशिक वायु का

(B) तापमान के असमान वितरण का

(C) सुप्त उष्मा द्वारा उत्पन्न असामान्यताओं का

(D) वायु संहति के विभिन्न प्रकारों के बीच अंतर्क्रिया का

9. ध्रुवीय वाताग्रीय (पोलर फ्रन्टल) सिद्धान्त किससे सम्बन्धित है?

(A) व्यापारिक पवन क्षेत्र की उत्पत्ति

(B) उष्णकटिबंधीय चक्रवात की उत्पत्ति

(C) टोर्नेडो की उत्पत्ति

(D) जेट स्ट्रीम की उत्पत्ति

10. प्रवाल द्वीप वलय (ऐटॉल) किसकी भिन्न अवस्थाओं में से एक है?

(A) प्राकृतिक जलाशय

(B) दबाव तन्त्र

(C) प्रवाल विकास

(D) महासागर में कार्बन कुंड का विकास

www.prepp.in

11. Match *List I* with *List II* and select the correct answer from the codes given below :

| | *List I* | | *List II* |
|---|---|---|---|
| | *(Physiographic Region)* | | *(Hills / Range)* |
| (a) | Aravallis | (i) | Mishmi hills |
| (b) | Karnataka Plateau | (ii) | Delhi ridge |
| (c) | Satpura Mountains | (iii) | Baba Budan hills |
| (d) | Himalayas | (iv) | Maikal range |

*Codes :*

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

12. The following are the four land use zones assumed to exist around the central town in an isolated state according to the Von Thunen's Model :

(i) Firewood and lumber

(ii) Intensive crop farming (grazing and root crops)

(iii) Crop farming (with fallow and pasture)

(iv) Market gardening and fresh milk

Select the correct sequence of the land use zones from centre to outward using the codes given below :

*Codes :*

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)

(B) (iv), (ii), (iii) and (i)

(C) (iv), (i), (ii) and (iii)

(D) (iii), (ii), (iv) and (i)

13. Who propounded the concept of areal differentiation ?

(A) Jean Brunhes

(B) Richard Hartshorne

(C) David M. Smith

(D) H. S. Barrows

**11.** ***सूची I*** को ***सूची II*** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये संकेतों से सही उत्तर चुनिए।

| | ***सूची I*** ***( भू-आकृतिक प्रदेश )*** | | ***सूची II*** ***( पहाड़ी/श्रेणी)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | अरावली | (i) | मिशमी पहाड़ियाँ |
| (b) | कर्नाटक पठार | (ii) | दिल्ली रिज |
| (c) | सतपुरा पर्वत | (iii) | बाबा बुढन पहाड़ियाँ |
| (d) | हिमालय | (iv) | मेकल श्रेणी |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**12.** वॉन थ्युनेन माडल के अनुसार एकान्तिक क्षेत्र में केन्द्रीय नगर को घेरते हुए भूमि उपयोग के खंडों में से चार निम्नलिखित हैं :

(i) ईंधन लकड़ी एवं काष्ठ

(ii) गहन सस्य कृषि (चारण एवं कंद मूल की फसलें)

(iii) सस्य कृषि (परती और चारागाह के साथ)

(iv) बाजार बागवानी और ताजा दूध

नीचे दिये संकेतों का उपयोग करते हुए भूमि उपयोग खंडों का केन्द्र से बाहर की ओर सही अनुक्रम का चयन कीजिए।

***कूट :***

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)

(B) (iv), (ii), (iii) और (i)

(C) (iv), (i), (ii) और (iii)

(D) (iii), (ii), (iv) और (i)

**13.** क्षेत्रीय भिन्नता की अवधारणा किसने प्रतिपादित की है?

(A) ज़ीन ब्रून्स

(B) रिचर्ड हार्टशॉर्न

(C) डेविड एम. स्मिथ

(D) एच.एस. बैरोज

14. Match *List I* with *List II* and select the correct answer from the codes given below :

| | *List I* | | *List II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Geographic Humane | (i) | Ptolemy |
| (b) | Influence of Geographic Environment | (ii) | Carl Ritter |
| (c) | Erdkunde | (iii) | Jean Brunhes |
| (d) | Almagest | (iv) | E. C. Semple |

*Codes :*

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

15. Quantitative Revolution in Britain was mainly popularised by :
(A) David M. Smith
(B) T. W. Freeman
(C) Peter Haggett
(D) L. Dudley Stamp

16. Which one of the following sequences related to the development of geographical thought is correct ?
(A) Kant – Varenius – Vidal de la Blach – Humboldt.
(B) Varenius – Kant – Humboldt – Vidal de la Blach.
(C) Vidal de la Blach – Humboldt – Varenius – Kant.
(D) Humboldt – Varenius – Kant – Vidal de la Blach.

17. Settlement pattern in a region is affected in India by :
(A) Social infrastructure
(B) Physical Linkages
(C) Population growth rate
(D) Agricultural Practices

18. A city region is marked with :
(A) Under development
(B) Backwardness
(C) Availability of mineral resources
(D) Concentrated development

**14.** ***सूची I*** को ***सूची II*** के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये संकेतों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| | ***सूची I*** ***( पुस्तक )*** | | ***सूची II*** ***( लेखक )*** |
|---|---|---|---|
| (a) | ज्योग्राफिक ह्युमेन | (i) | टॉलेमी |
| (b) | इन्फ्लुएंस ऑफ ज्योग्राफिक एनवायरनमेंट | (ii) | कार्ल रिट्टर |
| (c) | अर्दकुंदे | (iii) | ज़ीन ब्रून्स |
| (d) | अल्माजेस्ट | (iv) | ई.सी. सेम्पुल |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**15.** ब्रिटेन में परिमाणात्मक क्रान्ति को मुख्य रूप से किसने लोकप्रिय बनाया ?

(A) डेविड एम. स्मिथ
(B) टी.डब्ल्यु. फ्रीमेन
(C) पीटर हैगेट
(D) एल. डडले स्टैम्प

**16.** भौगोलिक विचारधारा के विकास से सम्बन्धित निम्नलिखित अनुक्रमों में से कौन सा सही है ?

(A) कान्ट – वैरेनियस – वाइडल डि ला ब्लाश – हमबोल्ट
(B) वैरेनियस – कान्ट – हमबोल्ट – वाइडल डि ला ब्लाश
(C) वाइडल डि ला ब्लाश – हमबोल्ट – वैरेनियस – कान्ट
(D) हमबोल्ट – वैरेनियस – कान्ट – वाइडल डि ला ब्लाश

**17.** भारत में किसी प्रदेश का अधिवास प्रतिरूप प्रभावित होता है :

(A) सामाजिक अवसंरचना के द्वारा
(B) भौतिक सहलग्नता के द्वारा
(C) जनसंख्या वृद्धि दर के द्वारा
(D) कृषि पद्धतियों के द्वारा

**18.** नगर-प्रदेश की विशेषता है :

(A) अल्पविकास
(B) पिछड़ापन
(C) खनिज संसाधनों की उपलब्धता
(D) संकेन्द्रित विकास

**19.** Decadal population growth rate in India during 1991-2001 was :

(A) 20.11% (B) 26.20% (C) 23.60% (D) 21.34%

**20.** Centrality of a place is determined on the basis of its :

(A) Transport modes
(B) Administrative status
(C) Functional strength
(D) Number of education institutions

**21.** Name the propounder of Rimland theory :

(A) Mackinder
(B) Spykman
(C) Monkhouse
(D) Hartshorne

**22.** Which one of the following Transport models is suitable for rural development in India ?

(A) Truck – Railway – Shipment – Bullockcart
(B) Bullockcart – Truck – Railway – Ships
(C) Railway – Ship – Air Transport – Bullockcart
(D) Bullockcart – Railway – Air transport – Ship

**23.** Who among the following was first to formulate the method of crop-combination ?

(A) Nelson
(B) Doi
(C) Rafiullah
(D) Weaver

**24.** Population migration streams are determined by :

(A) Political decision
(B) Push and pull factor
(C) Historical events
(D) Religious factor

**25.** Hoyt propounded :

(A) Sector model of city structure
(B) Rank-size rule
(C) Concept of Primate City
(D) Multi-nuclei model of city structure

**19.** भारत में 1991-2001 के बीच दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर थी :

(A) 20.11% (B) 26.20% (C) 23.60% (D) 21.34%

**20.** किसी स्थान की केन्द्रीयता किसके आधार पर निर्धारित होती है?

(A) उसकी परिवहन प्रणाली
(B) उसका प्रशासनिक स्तर
(C) उसकी प्रकार्यात्मक सुदृढ़ता
(D) शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या

**21.** रिमलैंड सिद्धान्त के प्रतिपादक का नाम बताइए :

(A) मैकिण्डर
(B) स्पाइकमैन
(C) मॉन्कहाउस
(D) हार्टशॉर्न

**22.** भारत में ग्रामीण विकास के लिये निम्नलिखित में से कौन सा मॉडल उपयुक्त है?

(A) ट्रक – रेलवे – नौप्रेषण – बैल गाड़ी
(B) बैल गाड़ी –ट्रक – रेलवे – जलयान
(C) रेलवे – जलयान – वायु परिवहन – बैल गाड़ी
(D) बैल गाड़ी – रेलवे – वायु परिवहन – जलयान

**23.** निम्नलिखित में से किसने शस्य संयोजन विधि को सर्वप्रथम सूत्रबद्ध किया?

(A) नेल्सन
(B) दोई
(C) रफीउल्ला
(D) वीवर

**24.** जनसंख्या प्रवास-प्रवाह किसके द्वारा निर्धारित होता है?

(A) राजनैतिक निर्णय
(B) 'पुश ऐंड पुल' कारक
(C) ऐतिहासिक घटनायें
(D) धार्मिक कारक

**25.** हॉयट ने प्रतिपादित किया :

(A) शहर संरचना का खंडीय मॉडल
(B) कोटि-आकार नियम
(C) प्रमुख (प्राइमेट) नगर की अवधारणा
(D) नगर-संरचना का बहु-केन्द्रक मॉडल

**26.** Match the ***List I*** with ***List II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List I*** | | ***List II*** |
|---|---|---|---|
| | ***(State)*** | | ***(Iron ore reserves %)*** |
| (a) | Orissa | (i) | 0.7 |
| (b) | Jharkhand | (ii) | 18 |
| (c) | Madhya Pradesh | (iii) | 26 |
| (d) | Rajasthan | (iv) | 22 |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**27.** Demographic transition model is based on data from the demographic experience of :

(A) North Western Europe

(B) USA

(C) Southeast Asia

(D) South America

**28.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**. Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Japan is a developed country.

**Reason (R) :** It is necessarily critical to have natural resources within the country for its development.

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true and **(R)** is false

(D) **(R)** is true but **(A)** is false

26. *सूची I* का *सूची II* के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिये संकेतों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| | *सूची I* | | *सूची II* |
|---|---|---|---|
| | *( राज्य )* | | *( लोह-अयस्क का संचित भंडार % )* |
| (a) | उड़ीसा | (i) | 0.7 |
| (b) | झारखंड | (ii) | 18 |
| (c) | मध्य प्रदेश | (iii) | 26 |
| (d) | राजस्थान | (iv) | 22 |

*कूट :*

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

27. जनांकिकी संक्रमण मॉडल निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के जनांकिकी अनुभव के आंकड़ों पर आधारित है?

(A) उत्तर पश्चिमी यूरोप

(B) स.रा. अमरीका

(C) दक्षिण-पूर्वी एशिया

(D) दक्षिणी अमेरीका

28. नीचे दो कथन दिए गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है। नीचे दिये संकेतों से अपने उत्तर का चयन कीजिए।

**अभिकथन (A) :** जापान एक विकसित देश है।

**कारण (R) :** देश के विकास के लिए उसके प्राकृतिक संसाधनों का देश के भीतर होना नितान्त आवश्यक है।

*कूट :*

(A) **(A)** और **(R)** सही हैं, और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(D) **(R)** सही है परन्तु **(A)** गलत है।

29. Name the theory of Industrialization proposed by Weber :

(A) Transport — cost theory

(B) Resource — based theory

(C) Footloose industries theory

(D) Labour — based theory

30. Modern concept of agricultural diversification is related to :

(A) Large number of crops

(B) Value added crops

(C) Monoculture crops

(D) Ecologically most suitable crops

31. In which year did Von-Thunen develop the model of agricultural land use Zonation ?

(A) 1817 (B) 1826 (C) 1850 (D) 1847

32. Gond's concentration is largely located in :

(A) Indian Thar desert (B) Baghel Khand Region

(C) Bastar Region (D) Bundel Khand Region

33. Which one of the following crop is used for large-scale supply and demand in international market ?

(A) Millets (B) Rice (C) Wheat (D) Gram

34. The origin of Monsoon in the Indian sub-continent is largely linked with :

(A) El Nino and ENSO Events

(B) Localised weather perturbations

(C) Shape of the Indian Sub-Continent

(D) Sea surface temperature variation in the Indian Ocean

29. वेबर द्वारा प्रस्तावित औद्योगिकरण के सिद्धान्त का नाम बताइए :
   (A) परिवहन - लागत सिद्धान्त
   (B) संसाधन आधारित सिद्धान्त
   (C) स्वच्छंद (फुटलूज़) उद्योग सिद्धान्त
   (D) श्रम आधारित सिद्धान्त

30. कृषि के विविधीकरण की आधुनिक अवधारणा किससे सम्बन्धित है?
   (A) फसलों की अधिक संख्या
   (B) मूल्य वर्द्धित फसलें
   (C) एकल फसलें
   (D) पारिस्थितिक रूप से सर्वाधिक उपयुक्त फसलें

31. वॉन-थ्युनेन ने किस वर्ष में कृषि भूमि उपयोग के मंडलीकरण का मॉडल विकसित किया?
   (A) 1817 (B) 1826 (C) 1850 (D) 1847

32. गोंडों का संकेन्द्रण मुख्य रूप से कहाँ है?
   (A) भारतीय थार मरुस्थल (B) बघेल खंड प्रदेश
   (C) बस्तर प्रदेश (D) बुन्देलखंड प्रदेश

33. निम्नलिखित में से कौन सी फसल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बड़े पैमाने की पूर्ति और मांग के लिये उपयोग होती है?
   (A) मिलेट (ज्वार बाज़रा आदि) (B) चावल
   (C) गेहूँ (D) चना

34. भारतीय उप-महाद्वीप में मानसून की उत्पत्ति मुख्यता किससे सम्बन्धित है?
   (A) एलनिनों और एलनिनो-दक्षिणी दोलन घटनायें
   (B) स्थलस्थित मौसमी क्षोभ
   (C) भारतीय उप-महाद्वीप की आकृति
   (D) भारतीय महासागर में समुद्र तलीय तापमान परिवर्तन

**35.** Which one of the following sequences of states is in the decreasing order of sex ratio ?

(A) Andhra Pradesh — Tamil Nadu — Chhattisgarh — Kerala

(B) Tamil Nadu — Kerala — Andhra Pradesh — Chhattisgarh

(C) Kerala — Chhattisgarh — Tamil Nadu — Andhra Pradesh

(D) Chhattisgarh — Andhra Pradesh — Kerala — Tamil Nadu

**36.** Meghalaya State is known for the following Tribal combination :

(A) Khasi — Mizo

(B) Garo — Khasi

(C) Naga — Mizo

(D) Khasi — Naga

**37.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**, select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** The new industrial towns are numerically dominated by male adult population.

**Reason (R) :** Migration is age and sex selective.

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is correct, but **(R)** is false

(D) **(A)** is false, but **(R)** is correct

**38.** The Western Ghats in Maharashtra is known as :

(A) Nilgiris

(B) Cardmom Hills

(C) Annamalai

(D) Sahyadris

**39.** Map showing the depths of Oceans and Seas is termed as :

(A) Ethnographic map

(B) Orographic map

(C) Bathymetric map

(D) Geological map

**40.** Which one of the following is largest scale of map ?

(A) 1 : 500,000

(B) 1 : 100,000

(C) 1 : 50,000

(D) 1 : 10,000

35. राज्यों का कौनसा अनुक्रम लिंग-अनुपात के अधोमुखी क्रम में है?
(A) आन्ध्र प्रदेश – तमिल नाडु – छत्तीसगढ़ – केरल
(B) तमिल नाडु – केरल – आन्ध्र प्रदेश – छत्तीसगढ़
(C) केरल – छत्तीसगढ़ – तमिल नाडु – आन्ध्र प्रदेश
(D) छत्तीसगढ़ – आन्ध्र प्रदेश – केरल – तमिल नाडु

36. मेघालय राज्य निम्नलिखित में से किस जनजातीय संयोजन के लिये जाना जाता है?
(A) खासी – मिज़ो
(B) गारो – खासी
(C) नागा – मिज़ो
(D) खासी – नागा

37. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है, नीचे दिये संकेतों से अपने उत्तर का चयन कीजिए।
**अभिकथन (A) :** नये औद्योगिक नगरों में पुरुष-प्रौढ़ जनसंख्या अधिकता होती है।
**कारण (R) :** प्रवास आयु एवं लिंग चयनात्मक है।
***संकेत :***
(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।
(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है परन्तु **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(C) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।
(D) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

38. महाराष्ट्र में पश्चिमी घाट किस नाम से जाना जाता हैं?
(A) नीलगिरी
(B) कार्डमम् हिल्स
(C) अन्नामलाई
(D) सह्याद्रि

39. महासागर और समुद्र की गहराइयाँ दर्शानेवाले मानचित्र को कहते हैं :
(A) मानवजाति मानचित्र
(B) पर्वतीय मानचित्र
(C) अनुगंभीर मानचित्र
(D) भू-वैज्ञानिक मानचित्र

40. निम्नलिखित में से कौनसा सबसे बड़ा मानचित्रीय मापक है?
(A) 1 : 500,000
(B) 1 : 100,000
(C) 1 : 50,000
(D) 1 : 10,000

**41.** River basin is a :

(A) Micro-region (B) Macro-region

(C) Hilly region (D) Backward region

**42.** Which one of the following is a Nodal Region ?

(A) Industrial Region (B) Tribal Region

(C) Metropolitan Region (D) Central district in a state

**43.** Forward linkages facilitate :

(A) Diversification (B) Unbalanced development

(C) Excessive pressure on resource (D) Social development

**44.** National Remote Sensing Agency (NRSA) is located at :

(A) Dehradun (B) Hyderabad

(C) Bangalore (D) Thumba

**45.** Which one of the following is centrographic measure ?

(A) Standard distance (B) Median

(C) Arithmetic mean (D) Geometric mean

**46.** Match the ***List I*** with ***List II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List I*** | | ***List II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Mathematical Tradition | (i) | Phoenician |
| (b) | Exploration | (ii) | Thales |
| (c) | Inductive method | (iii) | Homer |
| (d) | Literary tradition | (iv) | Aristotle |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

41. नदी का बेसिन है :

(A) लघु प्रदेश
(B) बृहत प्रदेश
(C) पहाड़ी प्रदेश
(D) पिछड़ा प्रदेश

42. निम्नलिखित में से कौन सा नोडल प्रदेश है?

(A) औद्योगिक प्रदेश
(B) जनजातीय प्रदेश
(C) महानगरीय प्रदेश
(D) राज्य में केन्द्रीय क्षेत्र (सेन्ट्रल डिस्ट्रिक्ट)

43. अग्रगामी सहलग्नताएँ सुलभ बनाती है :

(A) विविधीकरण को
(B) असंतुलित विकास को
(C) संसाधनों पर अत्यधिक दबाव को
(D) सामाजिक विकास को

44. राष्ट्रीय दूरस्थ संवेदन एजेन्सी (एन.आर.एस.ए.) कहाँ अवस्थित है?

(A) देहरादून में
(B) हैदराबाद में
(C) बंगलोर में
(D) थुम्बा में

45. निम्नलिखित में कौन सा केन्द्रारेखीय माप है?

(A) मानक दूरी
(B) माध्यिका
(C) समांतर माध्य
(D) ज्यामितीय माध्य

46. ***सूची I*** का ***सूची II*** से मिलान कीजिए और नीचे दिए संकेतों से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| ***सूची I*** | | ***सूची II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | गणितीय परम्परा | (i) | फीनीशियन |
| (b) | अन्वेषण | (ii) | थेल्स |
| (c) | आगमनात्मक प्रणाली | (iii) | हॉमर |
| (d) | साहित्यिक परम्परा | (iv) | अरस्तु |

***संकेत :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

*Read the following paragraph and answer the following questions :*

One hazard of the green revolution lies in the requirement that the genetic strains bred for high yields must be used to the exclusion of a variety of native strains. Should the high-yield strain prove vulnerable to an epidemic plant disease, the entire crop of a whole nation could be wiped out in one season. Current research in crop breeding is now stressing the development of more individualized varieties that respond better to local conditions. These varieties are less subject to epidemic diseases and can still produce improved yields with less fertilizer input. A second hazard lies in the need to increase the size of fields by merging many small plots into large ones to allow mechanized agriculture to work most efficiently. In so doing, a variety of food crops is no longer grown, and dependence for survival comes to rest on the single crop. Under traditional practices, the Asiatic farmer planted several food crops to ensure that if some failed, others would yield enough food to prevent starvation. The small farmer is therefore reluctant to move to more efficient, single-crop agriculture.

It seems obvious now that future increases in yields will be achieved only by modifying the techniques of the green revolution to become less dependent on industrial midlatitude technology. New crop strains and methods of cultivation and fertilization will have to be more compatible with ancient agricultural systems and local culture patterns.

Soil scientists have pointed out that large areas of Vertisols remain to be placed under cultivation. The Vertisols are rich in nutrient bases, but will require machine cultivation to overcome difficult tillage. Primitive plows and hoes cannot work these soils. Most of the arable land of the savanna environment in Southeast Asia has already been intensively developed by existing standards. To hope for major expansion of agriculture into poor Oxisols and to semidesert zones marginal to the tropical deserts is, at best, unrealistic.

**47.** What is the focal theme of the passage given above ?

(A) Need for emphasis on traditional agriculture

(B) Need for emphasis on the use of industrial midlatitude technology

(C) Need for modification in the techniques of Green Revolution

(D) Need for development of unproductive lands

***निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।***

हरित क्रान्ति का एक खतरा यह है कि इसमें मूल स्थानीय बीजों को वर्जित करके उनकी जगह उच्च उत्पादन हेतु विकसित उन्नत बीजों का उपयोग आवश्यक है। यदि नये उन्नत बीजों पर किसी पादक रोग का आक्रमण हो गया तो राष्ट्र की सम्पूर्ण फसल एक ही मौसम में नष्ट हो सकती है। शस्य अभिजनन सम्बन्धी वर्तमान शोधों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अलग-अलग किस्मों के विकास पर बल दिया जा रहा है। ये किस्में संक्रामक रोगों से कम प्रभावित होती हैं और फिर भी कम उर्वरकों के उपयोग के साथ अधिक उत्पादन दे सकती हैं। दूसरा खतरा, अधिक दक्षता के उद्देश्य से मशीनी कृषि करने हेतु छोटे खेतों की चकबंदी करके खेतों के आकार में वृद्धि करने में है। ऐसा करने में कई प्रकार की फसलों का उत्पादन बंद हो जाता है और जीवन यापन हेतु एक फसल पर निर्भरता हो जाती है। पारम्परिक कृषि पद्धतियों में एशिया का कृषक कई खाद्य फसलों को पैदा करता था ताकि यदि एक फसल नष्ट हो जाये तो भुखमरी की स्थिति से बचने के लिये दूसरी फसलों से पर्याप्त खाद्य पदार्थ मिल जाए। अत:, छोटा किसान अधिक दक्ष एक फसली कृषि अपनाने इच्छुक नहीं है।

अब यह स्पष्ट लगता है कि उत्पादन में भावी वृद्धि, औद्योगिक मध्य अशांशीय तकनीक पर निर्भरता कम करने के लिये हरित क्रान्ति की तकनीकों को संशोधित करके ही प्राप्त की जा सकती है। नये बीजों और कृषि पद्धतियों तथा उर्वरकों का उपयोग इन सभी को प्राचीन कृषि प्रणालियों और स्थानीय सांस्कृतिक प्रतिरूपों के साथ ज्यादा अनुकूल होना होगा।

मृदा वैज्ञानिकों ने इंगित किया है कि वर्टिसॉल मिट्टी के बृहत क्षेत्रों को कृषि के अंतर्गत लाना है। वर्टिसॉल मिट्टियाँ पोषक तत्वों में समृद्ध हैं, परन्तु उनमें जुताई की कठिनाई को दूर करने के लिये मशीनी कृषि की आवश्यकता होगी। प्राचीन हल एवं कुढाली से इन मिट्टियों में कृषि नहीं की जा सकती। दक्षिण-पूर्वी एशिया में सवाना पर्यावरण वाली अधिकांश कृषि भूमि वर्तमान मानकों के आधार पर पहले ही विकसित की जा चुकी है। अनुर्वर ऑक्सीसॉल मिट्टियों और उष्णकटिबंधीय मरुस्थलों की सीमा पर स्थित अर्द्ध-मरुस्थलीय कटिबंधों में कृषि के किसी बड़े विस्तार की आशा करना अवास्तविक है।

**47.** ऊपर दिये गये लेखांश की केन्द्रीय विषयवस्तु क्या है?

(A) पारम्परिक कृषि पर बल की आवश्यकता

(B) औद्योगिक मध्य अक्षांशीय प्रौद्योगिकी पर बल की आवश्यकता

(C) हरित क्रान्ति की तकनीकों में सुधार की आवश्यकता

(D) अनुपजाऊ भूमियों के विकास की आवश्यकता

48. One of the hazards of the Green Revolution is :

(A) Monoculture
(B) Multicrop Agriculture
(C) Use of Machines
(D) Small size of fields

49. Current research in agriculture is being oriented to :

(A) The development of new fertilizers and pesticides
(B) Development of the varieties of seeds suitable for local conditions
(C) Development of areas of Oxisols
(D) Development of new machines

50. Traditional Asiatic Cultivation emphasizes :

(A) Mechanised agriculture
(B) Use of fertilizers in large quantity
(C) Monoculture
(D) Multicrop agriculture

- o O o -

**48.** हरित क्रान्ति का एक खतरा है :

(A) एक फसली कृषि
(B) बहुफसली कृषि
(C) मशीनों का प्रयोग
(D) खेतों का छोटा आकार

**49.** वर्तमान शोध अभिमुख है :

(A) नये उर्वरकों और कीट नाशियों के विकास की ओर
(B) स्थानीय दशाओं के लिये उपयुक्त बीजों का विकास
(C) आक्सीसॉल वाले क्षेत्रों के विकास की ओर
(D) नयी मशीनों के विकास की ओर

**50.** पारम्परिक एशियाई कृषि बल देती है :

(A) मशीनी कृषि पर
(B) बड़ी मात्रा में उर्वरकों के उपयोग पर
(C) एक फसली कृषि पर
(D) बहुफसली कृषि पर

- o O o -

Space For Rough Work